कृपया प्रकाशनार्थ **7 मार्च 2014**

भाजपा नेता व पूर्व पेट्रोलियम मंत्री श्री.राम नाईक तथा भाजपा मुंबई अध्यक्ष व विधायक एड. श्री. आशिष शेलार द्वारा 7 मार्च 2014 रोजी मुंबई में पत्रकार परिषद में प्रसारित संयुक्त वक्तव्य

सांसद कोष के इस्तेमाल में मुंबई के कांग्रेस सांसदों की लापरवाही

मुंबई, शुक्रवार : ‘जनहित कार्यों के लिए उपलब्ध सांसद कोष का विनियोग करते समय मुंबई के कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस के सभी 6 सांसदों ने भारी लापरवाही की है, जिसके लिए वें जवाबदेही हैं. उन्होने अपनी लापरवाही की वजह मुंबई की जनता को बतानी चाहिए'', ऐसा आवाहन भाजपा नेता व पूर्व पेट्रोलियम मंत्री श्री. राम नाईक तथा भाजपा मुंबई के अध्यक्ष व विधायक एड.श्री. आशिष शेलार ने आज मुंबई में एक संयुक्त पत्रकार परिषद में किया.

इस विषय की विस्तार से जानकारी देते हुए श्री. राम नाईक ने कहा,‘‘मुंबई में सर्वश्री मिलिंद देवडा,एकनाथ गायकवाड, गुरुदास कामत, संजय निरुपम व श्रीमती प्रिया दत्त यें कांग्रेस के 5 और राष्ट्रवादी कांग्रेस के श्री. संजय पाटील के साथ कुल 6 सांसद हैं. 2009-10 से 2013-14 तक के 5 वर्षों के लिए प्रत्येक सांसद को रु.19 करोड का सांसद कोष उपलब्ध था. किंतु उन सबको मात्र रु. 11 करोड 85 लाख का सांसद कोष सरकार ने दिया. नियमों के अनुसार कार्यवाही योग्य कामों को सुझाव देकर उनको कार्यान्वित करने में यें सांसद असफल हुए है. इसलिए प्रत्येक सांसद को रु. 7 करोड 15 लाख कम निधि उपलब्ध हुआ. इसका सीधा मतलब यह है कि मुंबई की जनता की सुविधा के लिए कुल रु. 42 करोड 90 लाख प्राप्त नहीं हुए. इसका कारण क्या है, यह सांसदों ने मुंबई की जनता को बताना चाहिए.''

‘‘वर्ष 2009-10 और 2010-11 इन दो वर्षों में प्रति वर्ष रु. 2 करोड तो 2011-12,2012-13, 2013-14 इन तीन वर्षों में प्रति वर्ष रु. 5 करोड याने कुल रु. 19 करोड का सांसद कोष हर सांसद को उपलब्ध था, जिससे उन्होने विकास कार्य करना चाहिए था. मगर इन सांसदों ने अपनी जिम्मेदारी नही निभायी. आनेवाले एक सप्ताह में इन सभी ने सांसद कोष का पुरा विनियोग क्यों नही किया इसका जवाब जनता को देना चाहिए, नहीं तो इस लापरवाही को मुंबई के मतदाता माफ नही करेंगे'', ऐसी चेतावनी भी श्री. नाईक व श्री. शेलार ने अंत में दी.

(कार्यालय मंत्री)